

DR. RAVINDRA DEORAO KOLHE

Dr. Ravindra Deorao Kolhe is a medical practitioner working in the remote tribal Melghat area of Amravati District since 1985 and he is known as “One Rupee” doctor, as he used to charge Rupee 1 as the consulting fees from the poor tribal. He is the pioneer to bring forth the issue of malnutrition amongst the children & mothers of tribal are of Melghat region early in year 1986-88. Apart from the role as a doctor, he also had been known as the social reformer, being catalyst for the changes in the socio- economic background of the tribal. He taught them the better practices in agriculture so as to increase their income, tried to remove the superstitions and habit of alcohol addiction by prompting sports in youths & organizing youth awareness camps.

2. Born on July 01, 1960, at Shegaon, a small town of Buldana District, Dr. Kolhe obtained his MBBS from Govt. Medical College, Nagpur in 1982-83. He is inspired by the biographies & auto biographies of great leaders like Gandhi, Vinoba, Guruji, Gadge Maharaj etc. He also came in contact with the social reformers like Baba Amte, Dr. Shivajirao Patwardhan etc. He had been a member of a group of like-minded friends, at GMC Nagpur. As a result of all these influences and the book “Where there is no Doctor” by David Werner, he decided to select such a remote village, where no medical facilities are available in nearby region. He selected Bairagadh village of Charni Tehsil of Amravati District with a population of 1600, which was 40 kms away from the nearest motorable road.

3. Dr. Kolhe lived and worked there for one and half years, after which he returned back to GMC Nagpur to pursue his post-graduation in preventive and social medicine. He selected the topic of “Comparative study of health status of pre school children, pregnant and lactating mothers in ICDS and non ICDS areas of tribal block Dharni of Amravati District". He was instrumental in highlighting the issue of malnutrition and suggested the measures to reduce Infant and Maternal Mortality. These acted as the guidelines for the policy making by the State. He made this as his life mission.

4. Dr. Kolhe adopted the voluntary poverty principle of Gandhiji, living in a grass hut, built by the local villagers, He get involved in other socio-economic and cultural issues like education, drinking water, roads and transportation, electricity, agriculture, superstitions etc. of that region and worked towards the transformation by creating awareness. He also became the mentor of many youth volunteers, some of whom had dedicated their life for the development of the tribal region. He is also the founder trustee of many NGOs working in Maharashtra. He started the "Tarunai residential Youth camps” at Kolupur of Dharni tehsil of Amravati district in year 2004. Initially it was done once a year and now twice a year since 5 years due to the increasing demands from the youths all over the state. Many of the camp participants got motivated and started doing humanitarian activities at their level.

5. Dr. Kolhe has been appointed as the expert member Vidarbha Development Board, Nagour and District Planning Committee of Amravati, Akola and Buldana districts. He got recognized by many foundations and organizations for his humanitarian work. He has felicitated and given awards by FIE Foundation, Late Justice K.S. Heggade award, URL Foundation, IBN Lokmat- Maharashtrian of the year, Outstanding Young India award by Jessie's Foundation, Late Satish Haware Memorial award, Maha Palak Sanman, Yash Foundation award, The One International Humanity Award by Rotary Club Hong Kong and Rotary International and many others.

पद्म श्री

डॉ. रविंद्र देवराव कोल्हे



डॉ. रविंद्र देवराव कोल्हे अमरावती जिले के सुदूर आदिवासी मेलघाट क्षेत्र में एक मैडिकल प्रैक्टिसनर के रूप में 1985 से काम कर रहे हैं और उन्हें "एक रूपये वाले" डॉक्टर के रूप में जाना जाता है, क्योंकि वे गरीब आदिवासी से परामर्श शुल्क के रूप में 1 रुपया लेते थे। आपने वर्ष 1986-88 की शुरुआत में मेलघाट क्षेत्र के आदिवासी बच्चों और माताओं के बीच कुपोषण के मुद्दे को सामने लाने का मार्ग प्रशस्त किया है। एक डॉक्टर के रूप में भूमिका के अलावा, आपको समाज सुधारक के रूप में भी जाना जाता है, जो आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि में बदलाव के लिए प्रेरणास्रोत थे। आपने उन्हें कृषि में बेहतर तरीके सिखाए ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके, युवाओं में खेल को बढ़ावा देकर और युवा जागरूकता शिविरों का आयोजन करके अंधविश्वास और शराब की लत को हटाने की कोशिश की।

2. आपका जन्म 01 जुलाई, 1960 को बुलदाना जिले के एक छोटे से शहर शेगाँव में हुआ था और आपने अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई 1982-83 में सरकारी मेडिकल कॉलेज, नागपुर से की। । आप गांधी, विनोबा, गुरुजी, गाडगे महाराज आदि जैसे महान नेताओं की जीवनियों और आत्मकथाओं से प्रेरित हैं। आप बाबा आमटे, डॉ. शिवाजीराव पटवर्धन आदि जैसे समाज सुधारकों के संपर्क में भी आए थे। आप, जीएमसी नागपुर में एक जैसी सोच वाले मित्र समूह के सदस्य बने रहे। इन सभी प्रभावों और डेविड वर्नर की पुस्तक "जहाँ कोई डॉक्टर नहीं है" के परिणामस्वरूप, आपने ऐसे दूरस्थ गाँव का चयन करने का निर्णय लिया, जहाँ आस-पास के क्षेत्र में कोई भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है। आपने अमरावती जिले की चरनी तहसील के 1600 की आबादी वाले बैरागढ़ गांव को चुना, जो निकटतम वाहन जाने योग्य सड़क से 40 किलोमीटर दूर था।

3. आप डेढ़ साल तक वहां रहे और काम करते रहे, जिसके बाद आप निवारक और सामाजिक चिकित्सा में अपने स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए जीएमसी नागपुर वापस आ गए। आपने अमरावती जिले के आदिवासी ब्लॉक धारनी के आईसीडीएस और गैर-आईसीडीएस क्षेत्रों में विद्यालय जाने से पहले वाली आयु के बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य की स्थिति के तुलनात्मक अध्ययन का विषय चुना। आपने कुपोषण के मुद्दे को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और शिशु और माता मृत्यु दर को कम करने के उपाय सुझाए। इसने राज्य द्वारा बनाई गई नीति के दिशानिर्देश के रूप में कार्य किया है। उन्होंने इसे अपने जीवन का मिशन बनाया।

4. आपने गांधीजी के स्वैच्छिक गरीबी सिद्धांत को अपनाया और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा निर्मित एक घास की झोपड़ी में रहते हुए, आपने उस क्षेत्र में शिक्षा, पेयजल, सड़क और परिवहन, बिजली, कृषि, अंधविश्वास आदि जैसे अन्य सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक मुद्दों के क्षेत्र में जुट गए और जागरूकता पैदा करके परिवर्तन की दिशा में कार्य करने लगे। आप कई युवा स्वयंसेवकों के संरक्षक भी बने, जिनमें से कुछ ने आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। आप महाराष्ट्र में काम करने वाले कई गैर सरकारी संगठनों के संस्थापक ट्रस्टी भी हैं। आपने वर्ष 2004 में अमरावती जिले के धरनी तहसील के कोलूपुर में "तरुणाई आवासीय युवा शिविर" की शुरुआत की थी। शुरुआत में यह शिविर एक साल में एक बार और अब पांच वर्ष में पूरे राज्य में युवाओं की बढ़ती मांगों के कारण साल में दो बार होता है। आपने शिविर के प्रतिभागियों को प्रेरित किया और अपने स्तर पर मानव कल्याण से जुड़े कार्यकलापों की शुरुआत कर दी।

5. आपको अमरावती, अकोला और बुलदाना जिलों के विदर्भ विकास बोर्ड, नागौर और जिला योजना समिति के विशेषज्ञ सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्हें अपने मानव कल्याण कार्यों के लिए कई प्रतिष्ठानों और संगठनों द्वारा मान्यता मिली। आपको एफआईई फाउंडेशन, स्वर्गीय न्यायमूर्ति के.एस. हेगड़े पुरस्कार, यूआरएल फाउंडेशन, आईबीएन लोकमत- वर्ष का महाराष्ट्रियन, उत्कृष्ट युवा भारत पुरस्कार जेसीस फाउंडेशन, स्वर्गीय सतीश हवारे मेमोरियल अवार्ड, महापालक सम्मान, यश फाउंडेशन अवार्ड, रोटरी क्लब हांगकांग और रोटरी इंटरनेशनल द्वारा द वन इंटरनेशनल ह्यूमनिटी अवार्ड और अन्य अवार्ड मिले हैं।



DR. SMITA RAVINDRA KOLHE

Dr. Smita Ravindra Kolhe is a homeopathy doctor, living and working in the remote tribal Melghat area of Amravati District since 1985. She is known as the social activist for women empowerment, wild life protection, human rights, tribal rights etc.

2. Born on September 02, 1960 at Nagpur, in a lower middle class Manjare family, Dr. Kolhe graduated from Nagpur University in Music, Afterwards she completed her Law graduation and finally also did Diploma in Homeopathy. She started her clinic in Mahal area of Nagpur and worked for two years. She was also very much involved in various extracurricular activities like sports, music, drawing, painting, NCC etc.

3. Dr. Kolhe decided to marry Dr. Ravindra Kolhe, who had dedicated his life for the tribal of Melahat region of Amravati district. It was a drastic change in her living style, leaving all the comforts of city life and accepting all the odds and difficulties of the remote tribal village life. She accepted all these happily and gradually get acquainted with the village life. She had taken it as a challenge and also an art of living with basic minimum needs. She not only supported every venture of Dr. Ravindra Kolhe, but taken a lead at many instances of injustice over the poor tribal and fight it out with all her strengths.

4. In initial days, Dr. Kolhe worked as a doctor, which was also very much challenging. She dealt with the patients of obstructed deliveries, extensive tiger bite injuries, roadside accidents etc. She experienced the hardships of the village women and decided to enter into the local governance. She got elected as the Gram Panchayat member and then Up-Sarpanch of the Bairagadh village. During her tenure, she worked towards solving the problems of drinking water, sanitation, village roads, power supply, corruption etc. which were taken care of for the first time in the history of Gram Panchayat.

5. Dr. Kolhe was selected as the member of Sanjay Gandhi Niradhar Yojna of Dharni Tehsil and member of District ATMA Committee of Amravati. She tried to reach-out and give benefit of these schemes to real needy people. She also experimented and became a successful farmer.

6. Dr. Kolhe has got several awards from various organizations such as Smita Patil award-Nagpur, Baya Karve award- Pune, Devi award-Mumbai, Prabhakararo Datake award-Nagpur, Kasturba Gandhi award- Chandrapur, Savitribai Fule award-Buldana, Godavari Puraskar-Nasik, MahaPalak Sanman-Pune, Unch Maza Zoka-by Zee TV Mumbai, Navratna Puraskar by BD Sahyadri, Samrasata Manch award- Nagpur, Dattaji Didolakar award-Nagpur, Siddhivinayak Foundation-Mumbai etc.

पद्म श्री



डॉ. स्मिता रविंद्र कोल्हे

डॉ. स्मिता रविंद्र कोल्हे एक होम्योपैथी चिकित्सक हैं और 1985 से अमरावती जिले के सुदूर आदिवासी मेलघाट क्षेत्र में रहती और काम करती हैं। आपको महिला सशक्तिकरण, वन्य जीवन संरक्षण, मानव अधिकार, आदिवासी अधिकार आदि के सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है।

2. आपका जन्म 02 सितंबर, 1960 को नागपुर में एक निम्न मध्यम वर्ग के मंजरे परिवार में हुआ था। आपने नागपुर विश्वविद्यालय से संगीत में स्नातक की उपाधि प्राप्त की, बाद में आपने अपना लॉ ग्रेजुएशन पूरा किया और अंत में होम्योपैथी में डिप्लोमा भी किया। आपने नागपुर के महल इलाके, में अपना क्लीनिक शुरू किया और दो साल तक काम किया। आप खेल, संगीत, ड्राइंग, पेंटिंग, एनसीसी आदि जैसी विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियों में भी शामिल रही हैं।

3. आपने डॉ. रविंद्र कोल्हे से शादी करने का फैसला किया, जिन्होंने अपना जीवन अमरावती जिले के मेलाहाट क्षेत्र के आदिवासियों के लिए समर्पित कर दिया था। यह आपकी जीवन शैली में भारी बदलाव था, आपने शहर के जीवन के सभी सुखों को छोड़ दिया और दूरदराज के आदिवासी गांव के जीवन की सभी बाधाओं और कठिनाइयों को स्वीकार करते हुए, इन सभी को सहर्ष स्वीकार कर लिया और धीरे-धीरे गांव के जीवन में घुल-मिल गईं। आपने इसे एक चुनौती के रूप में लिया और बुनियादी न्यूनतम जरूरतों के साथ जीने की एक कला के रूप में भी लिया। आपने न केवल डॉ. रविन्द्र कोल्हे के हर कार्यक्रम का समर्थन किया, बल्कि गरीब आदिवासियों पर अन्याय की कई घटनाओं के विरुद्ध मोर्चा संभाला और अपनी पूरी ताकत से उसका मुकाबला किया।

4. शुरुआती दिनों में, आपने एक डॉक्टर के रूप में काम किया, जो बहुत चुनौतीपूर्ण भी था। आपने बाधित प्रसव के रोगियों, बाघ के काटने की बड़ी चोटों, सड़क के किनारे दुर्घटनाओं आदि के मरीजों का भी ईलाज किया। आपने गाँव की महिलाओं की कठिनाइयों को अनुभव किया और स्थानीय शासन में प्रवेश करने का फैसला किया। आप बैरागढ़ गाँव की ग्राम पंचायत के सदस्य और फिर उप-सरपंच के रूप में चुनी गईं। अपने कार्यकाल के दौरान आपने पेयजल, स्वच्छता, ग्राम सड़क, बिजली आपूर्ति, भ्रष्टाचार आदि की समस्याओं को हल करने की दिशा में काम किया और ग्राम पंचायत के इतिहास में इन सबका पहली बार ध्यान रखा गया था।

5. आपको धरनी तहसील के संजय गांधी निराधार योजना के सदस्य और अमरावती के जिला ए. टी. एम. ए. समिति के सदस्य के रूप में चुना गया। आपने वास्तविक जरूरतमंद लोगों से संपर्क किया और इन योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने का प्रयास किया। आपने प्रयोग किया और एक सफल किसान भी बन गईं।

6. आपको विभिन्न संगठनों से कई पुरस्कार मिले हैं, जिनमें स्मिता पाटिल पुरस्कार-नागपुर, बया कार्वे पुरस्कार-पुणे, देवी पुरस्कार-मुंबई, प्रभाकरारो डाटके पुरस्कार-नागपुर, कस्तूरबा गांधी पुरस्कार-चंद्रपुर, सावित्रीबाई फुले पुरस्कार-बुलदाना, गोदावरी पुरस्कार-नासिक, महापालक सम्मान-पुणे, ज़ी टीवी मुम्बई द्वारा अंच माज़ा ज़ोका, बीडी सह्याद्री द्वारा नवरत्न पुरस्कार, समरसता मंच पुरस्कार-नागपुर, दत्ताजी दिदोलकर पुरस्कार-नागपुर, सिद्धिविनायक फाउंडेशन-मुंबई आदि शामिल हैं।